<u>समाचार</u>

04 आश्रितों को मिली निगम में अनुकम्पा नियुक्ति

कोरबा 18 मार्च 2021 –नगर पालिक निगम कोरबा में 04 आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त हुई है। आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने आदेश जारी कर यह अनुकम्पा नियुक्तियां की है। शासन द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति हेतु निर्धारित दिशा निर्देश एवं गठित समिति की अनुशंसा के अनुरूप 03 वर्ष की परिवीक्षाधीन अवधि के लिए पूर्णतः अस्थाई रूप से इन अभ्यर्थियों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई है।

जारी आदेश के अनुसार श्री करनकुमार पाण्डेय पिता स्व. शत्रुहन प्रसाद पाण्डेय को सहायक राजस्व निरीक्षक पद पर अनुकम्पा नियुक्ति दी गई हैं, वहीं श्रीमती एफ.बालनागू पिता स्व.एस.चनैया, श्री सुरजीत पिता स्व.बुद्धेश्वर सिंह आयाम एवं श्री राजूरतन ध्रुव पिता स्व. रामकुमार ध्रुव को भृत्य पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई है तथा संबंधितों को नियुक्ति आदेश जारी होने के 10 दिवस के भीतर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।